वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) गुजरात में सहकारी सूती यानी मिलों के नाम नीचे दिए गए हैं –

(1) अहमदाबाद — शून्य
(2) सूरत — एक
(3) बड़ौदा — शून्य

(ख) जी हां। सहकारी और अन्य मिलों से।

(ग) जी नहीं।

(घ) उपरोक्त (ग) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

देश में और अधिक सूती मिलों की स्थापना

340. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) देश में इस समय सहकारी क्षेत्र में सूती मिलों की राज्यवार संख्या क्या है;

(ख) क्या इन मिलों में हथकरघा और विद्युत चालित करघा उद्योगों की मांग को पूरा करने की क्षमता है;

(ग) क्या सरकार गुजरात में नई मिलों की स्थापना का कोई विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान कितनी मिलों के स्थापित किए जाने की संभावना है?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत) : (क) 120 राज्य वार ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ख) जी हां।

(ग) जी नहीं।

(घ) उपरोक्त "ग" को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत मिलों की राज्य वार स्थिति

राज्य का नाम	कताई मिलों की संख्या
आन्ध्र प्रदेश	9
असम	1
बिहार	3
गुजरात	5
हरियाणा	1
कर्नाटक	8
केरल	4
मध्य प्रदेश	3
महाराष्ट्र	35
उड़ीसा	10
पांडिचेरी	1
पंजाब	6
राजस्थान	3
तमिलनाडु	19
उत्तर प्रदेश	11
पश्चिम बंगाल	1
कुल :	120

गुजरात में टूरिस्ट काम्पलैक्स का निर्माण

341. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में केन्द्र सरकार की वित्तीय सहायता से निर्मित किए गए टूरिस्ट काम्पलैक्स, होटलों और टूरिस्ट होस्टलों की जिलावार संख्या कितनी हैं ;